Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 11-01-2022 अंक 111

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

**APEM LIVE**

**आज का पुंचाङ्ग----**

आज का अंग्रेजी दिनांकः---12.01.2022
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शकेः---1943
याम्यायन याम्यगोलः
ऋतुः---हेमन्त
माहः---पौष
पक्षः---शुक्ल पक्ष
तिथिः---दशमी तिथि
दिनः---बुधवार
नक्षत्रः---भरणी नक्षत्र संध्या 03:57 मिनट तक उपरांत —तिका नक्षत्र
योगः---साध्य
करणः---गर
सूर्योदय :---प्रातः 06:44
सूर्यास्त : संध्या 05:16
सूर्य :---धनु राशि में
चंद्रमा :---मेष राशि मे
आज का राहूकाल दिन :---12:00 बजे से दिन :---01:30 बजे तक
अभिजीत मुहूर्तः---दोपहर 11:36 से 12:24 तक

(नोट :--कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)

आज का पर्व त्यौहार, मुहूर्त व खास :-- आज गणेश भगवान को दूर्वा अर्पण करने से वाणी से सम्बंधित समस्या शांत होता है!



आलेख :
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

# विजैया पंचायत में 154 पीएम आवास है अधूरा, 20 ने काम भी शुरू नही किया, सीओ ने की जांच

## एक माह के अंदर पूरा करें सभी आवास नही तो होगी एफआईआर : अरविंद देवाशीष टोप्पो

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / बिरेन्द्र कुमार**

विजैया पंचायत में 154 पीएम आवास पेंडिंग है। जिसकी सूचना मिलते ही बरही सीओ सह बीडीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो वस्तु स्थिति की जानकारी लेने विजैया पहुंचे। लाभुकों की सूची के अनुसार मिलान किया तो पाया कि 154 पीएम आज भी एक साल अधिक से पेंडिंग है। इनमे 20 ऐसे लाभुक हैं जिन्होंने पहली किस्त लेने के बाद काम शुरू भी नही किया। वहीं कई ऐसे लाभुक है जिनके द्वारा लिंटर तक भवन बनाकर छोड़ दिया है। जांच में यह भी पता चला कि कई ऐसे लोग है जो केवल नींव करके छोड़ दिये हैं। जबकि



जांच करते बीडीओ सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो

अधिकांश लोग आवास की क़िस्त ले चुके हैं। सीओ सह बीडीओ ने पेंडिंग आवास को देखते हुए लाभुकों को कड़ी फटकार लगाते हुए जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। सीओ सह बीडीओ टोप्पो ने कहा कि समय सीमा के अंदर राशि लेने के बाद पीएम आवास पूरा नही करने वाले लाभुको के खिलाफ एफआ. ईआर दर्ज कराई जाएगी। आवास पूरा नही करने वाले लाभुक सरकारी सुविधा से वंचित हो सकते हैं। कहा कि पंचायत सेवक को आवास पूरा कराने का निर्देश दिया गया। आम बागवानी का भी निरीक्षण किया गया। तीन आम बागवानी सही तरीके से पाया गया। मौके पर पंचायत सेवक, रोजगार सेवक भी मौजूद रहे।

# पांच दिन से गायब सुषमा व बच्चे का शव कुआं से बरामद

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**

चतरा : सिमरिया थाना क्षेत्र के पुंडरा गांव में कुआं से 10 माह के बच्चे व उसकी माँ शुष्मा का शव बरामद किया गया है। घटना की जानकारी मिलते हीं सिमरिया एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी व इस्पेक्टर कामेश्वर प्रसाद चौधरी एवं थाना प्रभारी अविनाश कुमार अपने दल बल के साथ पहुंच उक्त कुआं से शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया है। उक्त शव पुंडरा गांव के गोपी महतो पिता भोली महतो की पत्नी 20 वर्षीय सुषमा देवी व दस माह के बच्चा है। बता दें कि बीते छह जनवरी को मृतक सुषमा अपने दस माह का बच्चा को लेकर घर में पति पत्नी के बीच हुई लड़ाई झगड़े में सुबह 11 बजे घर से निकली थी। घर के बाकी सदस्य मजदूरी करने बाहर गए हुए थे।शाम घर वापस



कुआँ मे तैरता महिला व बच्चे का शव

नहीं आने के बाद परिजनों ने कोई जानकारी नहीं मिलने से सनहा भी दर्ज कराया गया था। काफी खोजबीन किया किन्तु कहीं सिमरिया थाना में गुमशुदगी का सनहा दर्ज के बाद सिमरिया थाना प्रभारी अविनाश कुमार ने मोबाइल ट्रेस के माध्यम से एवं सभी थाने में इसकी गायब की सुचाना देते हुए काफी जांच पड़ताल किया जा रहा था। वहीं परिजनों ने भी काफी अपने रिश्तेतारो से लेकर गांव के आ. सपास गांवों में खोजबीन किया जा रहा था। मंगलवार को सुबह 10 बजे उक्त कुआं से सिंचाई के लिए जब किसान पहुंचा तो कुआं में शव तैरता देख गांव में जानक. ारी दिया गया।जानकारी मिलते हैं यह खबर गांव में आग की तरह फैल गया। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने सिमरिया पुलिस व मृतक के परिजनों को देकर कुआं से शव बाहर निकाला गया साथ हीं पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर भेज दिया गया है। घटना से विचलित मृतक के परिजनों का चीख पुकार रोने से गांव गूंजने लगा। वहीं इस तरह घटना से गांव के लोग काफी मर्माहत हैं।

# भगत सिंह चौक के पास से बछिया को कार में ले गए चोर सीसीटीवी में कैद हुई घटना

**अपेम लाइवः हजारीबाग**
**अमरजीत कु0 सिंह**

भगत सिंह चौक के समीप से 1 बछिया को कार में लाद कर ले गए चोर सीसीटीवी में रिकॉर्ड हुआ चोरी की घटना हजारीबाग में इन दिनों मवेशी तस्कर का गैंग काफी सक्रिय दिखाई दे रहा है ऐसे यह घटना हजारीबाग शहर के भीतर भगत सिंह चौक के समीप से हुई है जहां रात करीब 2:00 बजे कार से आए चोरों ने भगत सिंह चौक के समीप एक गाय के साथ बैठी काली रंग के बछिया को कार में चोरी कर ले गए सीसीटीवी फुटेज में चोरी की ये घटना कैद हो गई है द्य फुटेज में ये दिखाई दे रहा है कि तीन लोग कार से नीचे उतरते हैं और




फिर लाल रंग का शर्ट पहने एक युवक काले रंग के बछिया को खींचकर ले जाते हुए दिखाई दे रहा है पूरी घटना को 3:00 से लेकर 5 मिनट के अंदर अंजाम देने के बाद कार लेकर चोर फरार हो गए वही मवेशियों की चोरी करने वाले तस्करों के चेहरे भी स्पष्ट तौर पर फुटेज में देखा जा सकता है या घटता पूरे शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है साथ ही साथ इस वीडियो को लोग सोशल मीडिया में शेयर करते हुए दोषियों के खिलाफ जल्द से जल्द कार्रवाई करने की मांग भी कर रहे हैं ।

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय खेरौन के निर्विरोध अध्यक्ष बने रंजीत सिंह

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**




अध्यक्ष रंजीत सिंह व अन्य

बरही प्रखंड के केदारुत पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय खेरौन में विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन आम सभा कर किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए रंजीत सिंह सर्वसम्मति से चुने गए वहीं उपाध्यक्ष सुषमा देवी पति धनेश्वर यादव सचिव तुलसी कुमार दास (विद्यालय प्रधानाध्यापक) संयोजिका सुषमा देवी पति लोकेश कुमार सिंह बने। सभा की अध्यक्षता सत्येंद्र कुमार सिंह ने की बतौर पर्यवेक्षक सीआरपी श्याम नारायण सिंह उपस्थित थे। आम सभा में मुख्य रूप से पवन सिंह बीरबल सिंह देवेंद्र सिंह प्रवीण सिंह अभय सिंह अवधेश सिंह आशीष सिंह रामप्रवेश सिंह अरविंद सिंह उमेश साहू ब्रह्मदेव सिंह लो. केश कुमार सिंह दिनेश सिंह सुजीत कुमार सिंह अवध सिंह जगदीश यादव विशाल सिंह मनोज सिंह जितेंद्र कुमार सिंह अजय सिंह उपेंद्र सिंह आशीष भुइयां इसके साथ ही गांव के सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे। उक्त जानकारी राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय बरही के अध्यक्ष नरेश सिंह ने दी है।

## प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के जन्मदिन पर मरीजो के बीच फल, मिठाई एवं मास्क का किया वितरण

### झारखण्ड के विकास के लिए प्रयत्नशील रहे हैं पूर्व प्रथम सीएम बाबूलाल मरांडी : रमेश ठाकुर




मास्क व फल का वितरण करते भाजपाई

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**



केक काटकर जन्मदिन मनाते भजपाई

भारतीय जनता पार्टी के विधायक दल के नेता व झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी जी के 63 वे जन्मदिवस पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की ओर से जन्मदिन मनाया गया। धनबाद रोड भगवती मंदिर के समीप आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष नागेश्वर रजक एवं संचालन प्रखंड उपाध्यक्ष नवल किशोर सिंह ने किया। सभी ने केक काटकर पूर्व प्रथम सीएम बाबूलाल मरांडी की दीर्घायु होने की कामना की। उसके बाद सेवा ही धर्म के तर्ज पर अनुमंडलीय अस्पताल के मरीजों के बीच फल मिठाई व मास्क का वितरण किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कहा कि झारखण्ड राज्य को अलग कराने में बा. बूलाल मरांडी का काफी योगदान रहा है। राज्य के सर्वांगीण विकास में बा. बूलाल मरांडी हमेशा से ही समर्पित रहे हैं। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजयुमो जिला मंत्री अजय दुबे,भाजपा युवा नेता रितेश गुप्ता ,ब्रजेश ठाकुर, विपिन सिन्हा, इंद्रदेव ठाकुर, सूर्यकांत राही, चंदर यादव, राजेश यादव, मनोज उपाध्याय, शिवा निषाद, पिंटू यादव, सचिन यादव, निरंजन रविदास, परमेश्वर रविदास ,मनोज कुमार राणा सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## दुलमहा में दुगोला कार्यक्रम का आयोजन, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव हुए शामिल



दुगोला कार्यक्रम का उदघाटन करते पुर्व विधायक व अन्य

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**

बरही प्रखंड के दुलमहा पंचायत के सिंहपुर निवासी रामदेव यादव के माता स्व. सीता देवी के श्राद्ध कार्यक्रम एकादशा में दुगोला कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व विद्यायक मनोज कुमार यादव, समा. जसेवी संजय यादव एवं भावी मुखिया नारायण यादव ने कार्यक्रम को फीता काटकर उद्घाटन किए। साथ ही दीप प्रज्व. लित कर आत्मा की शांति के लिए मौन धारण किया । मौके पर रमेश ठाकुर, किशुन यादव, रितेश गुप्ता, पिंटू यादव, नारायण यादव, संजय यादव, मुरली यादव, वासुदेव यादव, अशोक यादव, रामदेव यादव, प्रिंस कुमार, अजीत कुमार एवं अनेकों ग्रामीण मौजूद थे।

## मारपीट को लेकर महिला ने सास के खिलाफ महिला थाना में दिया आवेदन

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**



पिडित महिला

बरही था ना अंतर्गत धनवार निवासी तबस्सुम खातुन उम्र 34 पति स्व जुबैर आलम ने बरही महिला थाना में मारपीट को लेकर अपने सास के खिलाफ आवेदन दी है। प्राप्त जानक. ारी के अनुसार पीड़िता के पति का लगभग 10 वर्ष पूर्व निधन हो चुका है। साथ ही उन्होंने कहा कि जब से मेरे पति का निधन हुआ तब से मेरी सास रहिमन खातुन पति स्व सुलेमान मियां मेरे साथ हमेशा गाली गलौज करती है। जबकि मैं खुद मजदूरी कर अपने दो बेटे व एक बेटी का भरण पोषण कर रही हूं। साथ ही उन्होंने आवेदन देते हुए कहा कि बीते रात को लगभग 8 बजे मेरी सास मेरे साथ अभद्र व्यवहार करने लगी जब तक मैं कुछ बोलती तभी उन्होंने मेरे साथ मारपीट करने शुरू कर दिया, और मेरा मोबाइल छीनकर तोड़ दिया।मारपीट का आवाज सुनकर पड़ोस के लोग इकट्ठा हो गए। और लड़ाई झगड़ा को बंद करवाया। पीड़ित महिला ने थाना में आवदेन देकर न्याय की गुहार लगाई है।

9122222016

बिरेन्द्र कुमार

महालक्ष्मी फर्नीचर

जो सजाए आपके सपनों का घर...

डबल बेड, सिंगल बेड, दीवान, सोफा, कुर्सी, ड्रेसिंग, डाइनिंग टेबल इत्यादि।

सस्ता एवं फैन्सी फर्नीचर का बेहतरीन कलेक्शन




ATM

ग्राहक सेवा केन्द्र

स्टूडियो एवं फोटोकॉपी

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## मकर संक्रांति को लेकर बड़कागांव में बढ़ी चहल-पहल, चूड़ा, तिलकुट और गुड़ से पटा बाजार

### खिचड़ी पर्व के पुण्यकाल के साथ इस वर्ष की खरमास समाप्त हो जाएगा : अवधेश मिश्रा

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



तिलकुट चूड़ा की सजी दुकान

बड़कागांव : स्नान-दान का पर्व मकर संक्रांति यानी तिल सकरात शनिवार 15 जनवरी को मनाया जाएगा। जैसे-जैसे इसका दिन करीब आ रहा है वैसे वैसे बड़कागांव के चौक चौराहे व बाजारों में गुड़, तिल और तिलकुट की सोंधी खुशबू से गुलजार होता नजर आ रहा बाजार। हर ओर सड़क किनारे तिलकुट, लाई, चूड़ा,मुरही व तिल की दुकानें वा बाजारों में गुड़ सजने लगी हैं। मकर संक्रांति आने में महज कुछ 3 दिन हीं दिन बाकी हैं परंतु लोग अभी से ही मकर संक्रांति के खरीदारी में जुट गए हैं। लेकिन अब इस बार करोना और महंगाई के बीच पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष कीमत कुछ तेज है। जिस पर तिल. कुट की सोंधी खुशबू के साथ महंगाई ने सेंध लगा दी है। साथ ही लोगों में एक डर सा माहौल है कहीं कोविड-19 के कड़े निर्णय के बाद अगर लॉकडाउन लगा दी जाती है तो खरीदारी कर पाना भी मुश्किल हो सकता है।

**मकर संक्रांति को लेकर क्या कहते हैं पुजारी**

वहीं राधे कृष्ण मंदिर के पुजारी अवधेश मिश्रा ने बताया कि 14 जनवरी शुक्रवार को रात 8रू49 पर मकर राशि में सूर्य प्रवेश करेंगे अगले दिन सुबह के उपरांत यानी 15 जनवरी दिन शनिवार को मकर संक्रांति का त्यौहार मनाया जाएगा। जिसके बाद खिचड़ी पर्व का पुण्य काल होगा तथा खरमास समाप्त हो जाएगा। मकर संक्रांति पर तिल खाने और दान करने की परंपरा पूर्व से ही चली आ रही है। इस परंपरा को लेकर लोगों ने तिल और तिल की बनी चीजों की खरीदारी अभी से ही शुरू कर दी है। सबसे ज्यादा खरीदारी तिलकुट की हो रही है। मकर संक्रांति के दिन लोग पहले सुबह ही स्नान कर तिल का तिनका, तिल. कुट को जलाकर उनकी सेक लेकर पूजा कर दही, चूड़ा और गुड़ के साथ तिलकुट का सेवन कर त्यौहार मनाते हैं।

**मकर संक्रांति के सामग्री और उसके दाम**

सीजन ट्रेडर्स के तिलकुट विक्रेता अमित मालाकार ने बताया कि चीनी की तिल. कुट 140 से 240रू गुड़ तिलकुट 240 से 260रू, खोआ तिलकुट 300 से 400रू,तिल का लड्डू 180 से 200रू व गुड़ 55 से 60रू, प्रति किलो की दर से बेची जा रही है। वर्मा किराना स्टोर के मनीष सोनी ने बताया कि मोटा चूड़ा 30 से 35रू,बासमाती चूड़ा 80रू व पत्ती चूड़ा 40 से 50 रुपए प्रति किलो बेची जा रही है। हालांकि मंगलवार को बेमौसम बा. रिश से लोग भयभीत हैं उन्हें डर है कि कहीं मकर संक्रांति के समय भी पानी ना बरसे नहीं तो लोगों की उम्मीदों पर भी कहीं पानी ना फिर जाए।

## नाली निर्माण में भारी अनियमितता, गुणवत्ता के साथ खिलवाड़,

### प्रखण्ड मुख्यालय को जाने वाले रास्ते मे बन रहा नाली, बीडीओ ने लिया संज्ञान

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



प्रखण्ड मुख्यालय जाने वाले मुख्य मार्ग में बन रहे नाली निर्माण का भारी अनियमितता का मामला प्रकाश में आया। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में स्पस्ट रूप से देखा जा सकता है कि घटिया ईट का प्रयोग किया जा रहा है और ईट जुडाई में पानी तक नही दिया जा रहा है। जानकारी हो कि इसी रास्ते से होकर प्रखण्ड के बीडीओ सहित अन्य पदाधिकारियो का रोजाना आनाजाना लगा रहता है बावजूद इस तरफ किसी का कोई धयान नही है। मामला प्रकाश में आने के बाद बीडीओ चौपारण प्रेम चंद सिन्हा ने बताया कि मामले को संज्ञान लिया गया है और संवेदक को गुणवत्ता से समझौता नही करने को कहा। बीडीओ ने कहा कि नाली निर्माण में गडबडी पाए जाने पर संवेदक के विरुद्ध होगा कार्यवाई। मालूम हो कि पंचायत समिति सदस्य मद से निर्माणधीन नाली का प्राकलन राशि 2,49,000 का है जो रमेश सहाय के नाम से एकरारनामा किया हुवा है। एधर सवेदक ने गुणवतापूर्ण नाली निर्माण की बात कहा।

## पूर्व विधायक ने अम्बाजीत में किया भक्ति जागरण मंच का उदघाटन

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**


जागरण का उद्घाटन करते पुर्व विधायक व अन्य

बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने पडरिया पंचायत के अम्बाजीत में किया भक्ती जागरण मंच का उदघाटन। अम्बाजीत निवासी रामदेव यादव के मृतक दादी के एकादशी कार्यक्रम के अवसर पर आयोजित हुवा था भक्ति जागरण का कार्यक्रम। उद्घाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक ने मृतक आत्म के शान्ती की कामना करते हुए कहा की मृतक ने अपने जीवन मे जरूर पुण्य के काम किये होंगे जिस कारण आज हम सभी यहाँ एकत्रित होकर उनके याद में कार्यक्रम कर रहे है। इस दौरान पूर्व विधायक ने अपने अंदाज में भक्ति गीत गाकर उप. स्थित लोगों को मनोरंजित किया। समाजसेवी हरिश्चंद्र सिंह ने कहा जीवन है तो मृत्यु भी तय है इस बात का सबको गाँठ बांधना चहिए और जीवन मे अच्छे कर्म करना चाहिए ताकि जमाने जमाने तक आपको लोग याद रख सके। मौके पर मुखिया पप्पू रजक , विकाश यादव , मुकेश सिंह, शंकर चंद्रवंशी, केदार राणा, रितेश यादव , गा. ेरेलाल यादव, मिथलेश यादव, ननकू साव रहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## नेहरू युवा क्लब द्वारा फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन, विष्णुगढ़ की टीम 1-0 से बनी विजेता

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**


विष्णुगढ़ में फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन करते अतिथि

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नेहरू युवा केन्द्र, हजारीबाग के तत्वाधान में मंगलवार को प्रखंड के जोबर फुटबॉल मैदान में प्रखंडस्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि जोबर ग्राम कार्यकारी समिति के प्रधान मुनीलाल महतो ने फीता काटकर एवं कीक लगाकर किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच विष्णुगढ़ बनाम बंदखारो की टीमों के बीच खेला गया। रोमांचक एवं संघर्षपूर्ण मुकाबले में विष्णुगढ़ की टीम 1-0 से विजयी रही। प्रतियोगिता में प्रखंड से कई टीमें हिस्सा ले रही है। बुधवार को प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला होगा। मैच के पूर्व प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ियों के बीच कोविड गाइडलाइंस का अनुसरण करते हुए मास्क एवं सैनि. टाइजर का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर खिलाड़ियों की प्रतिभा को विकसित करने के लिए सरकार की यह साकारात्मक पहल है। इससे खिलाड़ियों में नई उर्जा का संचार होगा। मौके पर सुधीर कुमार रजक, मनोज कुमार शर्मा, मोहन महतो, धीरज कुमार शर्मा, तुलसी सिंह, डेगलाल महतो, पोखलाल महतो, फलजीत महतो, सुरेश कुमार महतो, किशोर कुमार रवि, पिंटु, विजय कुमार, मुकेश, टेकलाल, गणेश, संतोष, सुभाष, मो. हित समेत नेहरू युवा क्लब जोबर के सदस्य मौजूद थे।




डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

# बरही पश्चिमी जिला परिषद के शिक्षित,योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबो का मसीहा, भावी उम्मीदवार श्रीमती कुंती देवी (शिक्षिका) का संकल्प,

---

# बरही पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र को आदर्श जिला परिषद बनाना है।

**शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई व स्वरोजगार पर जोर, बरही चौक का सुंदरीकरण हमारी प्राथमिकता**



श्रीमती कुंती देवी
भावी जिला परिषद प्रत्याशी
बरही पश्चिमी भाग

## हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1. बरही के प्रवासी मजदूरों के लिए बरही क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्था करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. बरही में पॉलटेक्निक कॉलेज एवं महिला कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गो एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं बरही में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना
9. रियाडा प्रक्षेत्र में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना
10. बरही के जलाशयों से सिंचाई की व्यवस्था कराने पर रहेगा जोर



तापेश्वर प्रसाद
समाजसेवी ,
बरही पश्चिमी भाग


**वायदे ही नही इरादे भी, नई सोच के साथ बरही का विकास भी, आइए हम सब मिलकर बरही के विकास के लिए श्रीमती कुंती देवी को साथ दें ।**

निवेदकः बरही पश्चिमी जिप क्षेत्र की जनता

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर







## कोनरा पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प : कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना ।



सैरा खातुन, कोनरा मुखिया प्रत्याशी

सैरा खातुन को समर्थन कर उनके हाथों को करें मजबूत,

शुभ दीपावली



रामदेव साव सुभाष पासवान मंटु सिंह




कुनाल कतरियार बिनोद कुमार टुन्नू केशरी

### हमारा संकल्प, वायदे ही नही इरादे भी,

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
5. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी भाईचारगी कायम रखना,
6. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
7. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
8. बिना किसी भेदभाव के सभी के विकास के लिए काम करना

APEM LIVE NEWS सच का साथी



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## बहिमर से टीपीसी के तीन उग्रवादीयो को हथियार के साथ कटकमसांडी थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अपेम लाइवः बरकठ्ठा**
**सुनील कुमार**



हजारीबाग पुलिस ने टीपीसी नक्सलियों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। एसपी मनोज रतन चौथे को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कटकमसांडी थाना क्षेत्र के बहिमर वन क्षेत्र से तीन नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस ने गिरफ्तार नक्सलियों के पास से एक देशी कार्बाइन,7.65 एमएम का एक देशी पिस्टल,7.65एमएम का एक मैगजीन,एक देशी कट्टा,29 राउंड जिन्दा कारतूस के साथ तीन मोबाइल फोन भी जब्त किया है। मामले की जानकारी देते हुए डीएसपी मुख्यालय राजीव कुमार ने बताया कि एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि बहिमर वन क्षेत्र में बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में 7-8 की संख्या में जुटे हैं। इसी सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए असिस्टेंट कमांडेंट दुर्गेश कुमार एवं डीएपी मुख्यालय राजीव कुमार के नेतृत्व में कार्यवाई के लिए जिला बल एवं सीआरपीएफ के जवानों द्वारा संयुक्त छापेमारी दल का गठन किया गया,इसी छापेमारी अभियान के दौरान कटकमसांडी थाना क्षेत्र के बहिमर वन क्षेत्र से अपराध की योजना बनाने में जुटे 7-8 टीपीसी नक्सलियों में से 3 को गिरफ्तार कर लिया गया जबकि अन्य अपराधकर्मी पुलिस की कार्रवाई को देख भागने में सफल रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने धूम धाम से मनाया गया पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का जन्मोत्सव

**अपेम लाइवः गॉवॉ**
**मुजाहिद अली**



गांवा, गिरीडीह : गांवा भाजपा कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी का जन्मदिन मनाया। इस मौके पर उनकी लंबी उम्र की कामना की गई साथ ही राज्य का अगला मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया गया। सांसद प्रतिनिधी श्रीराम यादव के गांवा स्थिति आवास सह पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में केक काटकर जन्मदिन मनाया और बाबूलाल के सुखद और दीर्घायु जीवन की कामना की गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने काफी उत्साह और खुशी दिखी। मौके पर संसद प्रतिनिधि श्रीराम यादव विधायक प्रति. निधी मुन्ना सिंह मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर आज़ाद, महामंत्री ललित पाण्डेय, मनोज सिंह अजीत शर्मा, अंकज सिंह ,मनोज सिंह,विशाल पाण्डे आदि दर्जनों के संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सिमडेगा के संजू प्रधान की हत्या की सीबीआई जांच कराने की माँग को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिया एक दिवसीय धरना

**अपेम लाइवः धनवार**
**रौशन अली**



धरना पर बैठे भाजपा कार्यकर्ता

धनवार प्रखंड मुख्यालय के समीप मंडल अध्यक्ष उत्तम कुमार के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सिमडेगा के संजु प्रधान की मॉब लिचिंग से की गई हत्या की सीबीआई जांच कराने को लेकर एकदिवसीय धरना दिया। इस दौरना में भाजपा नेता सह पूर्व आ. ईजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह बतौर मुख्य अतिथि शामिल रहे। धरना पर बैठे भा. जपाइयों ने संजू प्रधान की हुई निर्मम हत्या की सीबीआई जाँच कराने मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी दिलाने परिजनों को सुरक्षा मुहैया कराने एवं मृतक के परिजन को दस लाख मुआवजा दिलाने ली मांग की साथ ही इस घटना में संलिप्त सभी आरोपियों के विरुद्ध कठोर करवाई की भी माँग की। भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने हेमंत सरकार के ऊपर निशाना साधते हुए कहा कि इन 2 वर्षो के कार्यकाल में झारखंड की विधि व्यवस्था चरमरा गई है। राज्य में अपराधिक मामले बढ़ गए हैं। ऐसे में सरकार विफल होते हुए नजर आ रही है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि उदय सिंह पवन कुमार संजय कुमार सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## संजू प्रधान की निर्मम हत्या के खिलाफ भाजयुमो ने राज्यपाल के नाम बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**अपेम लाइव :चौपारण**



भारतीय जनता पार्टी प्रदेश के निर्देशानुसार सिमडेगा जिले के कोलेबिरा प्रखंड अंतर्गत विगत दिनों संजू प्रधान की निर्मम हत्या करने के खिलाफ चौपारण में कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए धरना दिया गया एवं प्रखंड विकास पदा. धिकारी प्रेमचन्द सिन्हा को राज्यपाल के नाम भाजयुमो अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय ने कहा कि म०ब लिंचिंग की घटना पर अभिलंब कार्रवाई करते हुए दोषियों को अविलंब गिरफ्तार करें । कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय,सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव ,अनुमंडल सांसद प्रति. निधि सीताराम साहू , महामंत्री आशीष सिंह , अरविंद कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी मुनेश्वर गुप्ता , रामसेवक राणा , मंडल उपाध्यक्ष मनीष सिंहा, मि. थुन कुमार समेत दर्जनों भा. जपाई उपस्थि थे।

## बड़कागांव पश्चिमी पैक्स में कृषि साख सहयोग समिति धान अधिप्राप्ति योजना का किया गया शुभारंभ

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



मौके पर उपस्थित लोग

बड़कागांव पश्चिमी टेक्स्ट में प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति लिमिटेड में खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग धान अधिप्राप्ति योजना 2021-22 का शुभारंभ किया गया बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे ने नारियल फोड़कर एवं मुखिया अनीता देवी ने फीता काटकर किया ।साधारण धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 1940 प्रति क्विंटल बोनस 110 प्रति कि. कुल मूल्य 2050 प्रति क्विंटल है ।क्रय के समय धान अधिप्राप्ति केंद्र पर किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का 50ः राशि का भुगतान 1 सप्ताह के अंदर पीएफएमएस के माध्यम से किसानों के बैंक खाते में किया जाएगा ।तथा शेष राशि का भुगतान धान मिल में पहुंचने के बाद किया जाएगा ।धान अधिप्राप्ति केंद्र बड़कागाँव का पश्चिमी पैक्स के अध्यक्ष चंद्र देव महतो ने कहा कि किसान सरकार के द्वारा दी जा रही धान क्रय केंद्र का लाभ उठाएं धान की राशि सीधे आपके अकाउंट में भेजे जाएंगे ।अपने कीमती धान बिचौलियों के हाथों ना बेचे। मौके पर मुख्य रूप से कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, संजय कुमार महतो, बड़कागांव पश्चिमी क्षेत्र मुखिया अनीता देवी, पंचायत समिति सदस्य धर्मनाथ महतो, पैक्स अध्यक्ष चंद्रदेव महतो, पूर्व पैक्स अध्यक्ष उमेश कुमार,चमन महतो, गणेश महतो; विशेश्वर राम, लालमणि महतो, किशोर कुमार,सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सिमडेगा में दलित युवक की हत्या को लेकर बड़कागांव भाजपाई ने किया धरना प्रदर्शन सौंपा ज्ञापन

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



कार्यक्रम में शामिल लोग

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार प्रखण्ड मुख्यालय बड़कागांव में सिमडेगा में दलित युवक की हत्या से संबंधित सीबीआई जांच की मांग को लेकर भाजपा पूर्वी मंड्ल अध्यक्ष खेमलाल महतो के अध्यक्षता में धरना-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान भा. जपाइयों ने झारखंड में संच. ालित हेमंत सोरेन की सरकार मुर्दाबाद के नारे लगाए एवं घटना को लेकर सीबीआई जांच की मांग की है। ज्ञात हो के सिमडेगा में दलित युवक संजू प्रधान की मोब्लिंचिंग में जिंदा जलाकर मारने की घटना पर भाजपा गम्भीर है। मामले को लेकर प्रदेश के दो पुर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता पीड़ित परिवार से मिल चुके हैं और घटना की सीबीआई जांच की मांग की है। धरना प्रदर्शन में शामिल लोगों में मुख्य रूप से,, मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, राजेंद्र गुप्ता, जयनारायण प्रसाद, महामंत्री सुमन गिरी, इंद्रभूषण, नरसिंह प्रसाद, मंत्री बिनोद महतो, उपाध्यक्ष अशोक साव, किशोर राणा, नागेश्वर महतो, गणेश महतो, भुपाल स्वर्णकार, मनोज प्रभाकर, समेत सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## वन विभाग को लाखों राजस्व का नुकसान, कौन है असल जिम्मेवार, सवालों के घेरे में विभाग

**अपेम लाइव :चौपारण**



प्रादेशिक वन प्रक्षेत्र द्वारा जप्त कीमती लकड़ी को जलावन दिखाकर ऑक्शन वाला मामला पूरे चौपारण में चर्चा का केंद्र बिंदु बना हुआ है। सवालों के घेरे में है विभाग के पदाधिकारी। वन विभाग को लाखों राजस्व का नुकसान, कौन है असल जिम्मेवार। डीएफओ हजारीबाग के अनुसार अगर पाँच से अधिक ल०ट रहता है तो उसका अ०क्शन उसी स्थल पर करना है जबकि कुल नौ ल०ट में था लकड़ी फिर भी अ०क्शन चौपारण में न करवाकर इट्खोरी में करवा दिया गया। लड़की खरीदार मो फहीम के अनुसार ओ लकड़ी का बल्ली खरीदने आया था लेकिन उसे डिपो प्रभारी गोपाल सिन्हा ने जलावन लकड़ी खरीदारी के नाम पर मोटा व कीमती लकड़ियों का खरीदार बना दिया। उक्त बातो का खुलासा खुद मो फहीम ने किया हालांकि डिपो प्रभारी ने डाँट के बाद मो फहीम अपनी बातों से पलटने लगा। मो फहीम ने अनुसार लकड़ी खरीदारी में डिपो प्रभारी गोपाल का राशि लगा हुवा है। इस संदर्भ में लघु वन पदार्थ निगम के पदाधिकारी हरि मोहन झा से पूछने पर उन्होंने इस मामले से अपना पल्ला झाड़ते हुए कहा कि हमलोगों इस मामले से कोई लेना देना नही है। कहा हमलोगों को भी मामले की जानकारी हुई है गड़बड़ियों का छानबीन चल रहा है। आरोप प्रत्यारोप के बीच प्रादेशिक प्रक्षेत्र विभाग से मिली जानकारी के अनुसार कौन लकड़ी जलावन है कौन कीमती है इसका रिपोर्ट डिपो प्रभारी द्वारा निगम को दिया जाता है। इसमे प्रादेशिक वन क्षेत्र का कोई लेना देना नही है। इधर डिपो प्रभारी गोपाल सिन्हा ने बताया कि लकड़ी का कीमत या लकड़ी का प्रकार विभागीय पदाधिकारी द्वारा तय किया जाता है इसमें हमारा कोई रोल नही है। जानकारी हो कि लघु वन पदार्थ निगम का कार्यालय हमेशा सुर्खियों में रहा है कुछ वर्ष पूर्व यहां के एक कर्मी को निगरानी ने रंगे हाथ पकड़ा था। बावजूद सुधार नही हो पा रहा है।

## सड़क दुर्घटना में रिटायर्ड सीआईडी अफसर सहित पांच लोग घायल

**अपेम लाइव :चौपारण**



जीटी रोड स्थित सरदारपुर के समीप अहले सुबह सड़क दुर्घटना में रिटायर्ड सीआईडी अ०फिसर सहित पांच लोग घायल हो गए। घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि गाड़ी संख्या जेएच 09 व०ई 4057 ने आगे चल रही किसी गाड़ी में स्वयं ही पीछे से टक्कर मार दी जिससे गाड़ी का आगे का हिस्से का परखच्चे उड़ गया। वहीं उसमें सवार सभी लोग घायल हो गए। घायल रिटायर्ड सीआईडी इंस्पेक्टर ने बताया कि गया, बिहार से बोकारो लौट रहे थे। इसी दौरान बेहरा आश्रम मोड़ के पास आगे चल रही एक गाड़ी ने ठोकर के कारण अचानक ब्रेक लगा दिया और कुहासा के कारण ड्राइवर समझ नहीं सका और आगे चल रही गाड़ी में जबरजस्त टक्कर मार दिया। घटना में एक महिला सहित पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को चौपारण आपदा मित्र के एम्बुलेंस के द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए उनके घर बोकारो के मुस्कान ह०स्पिटल में भर्ती करवाया गया। घायलों में रिटायर्ड सीआईडि इंस्पेक्टर मनोज कुमार, रुद्र प्रताप , उत्कर्ष कुमार, शिवन. न्दन महतो, रीना देवी शामिल हैं। इसमें दो हालात गम्भीर बनी हुई है।

## विधायक अंबा प्रसाद की पहल पर पकरी बरवाडीह ग्रामीणों को मिला 200 केवीए का ट्रांसफार्मर

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



मौके पर उपस्थित लोग

बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत पकरी बरवाडीह मे पिछले कई दिनो से ट्रांसफार्मर खराब होने की वजह से यहां के ग्रामीण अंधेरे में रहने के लिए बेबस थे द्य मामले को संज्ञान में लेते हुए विधायक अंबा प्रसाद ने तुरन्त 200 केवीए का ट्रांसफार्मर ग्रामीणों को उपलब्ध कराईद्य इस अवसर पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा की क्षेत्र में किसी भी तरह की समस्या होने पर सीधा मुझसे संपर्क करें, ग्रामीणों की हर समस्याओं का समाधान करना मेरी प्राथ. मिकता हैद्य इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, संजय महतो, संतोष कुमार, धनेश्वर प्रसाद, मनोज साव, मोहन साव, विनोद साव, प्रभु साव समेत समस्त ग्रामीणों ने विधायक का आभार व्यक्त किए।

APEM LIVE

APEM LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## अवर निबंधन कार्यालय चतरा के निबंधन पदाधिकारी का अजीबो गरीब कारनामे

### सदर अंचल के भयपुर के डिमार्केशन की जमीन को भूमाफियाओं से मोटी रकम लेकर कर दिया रजिस्ट्री

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**







एक ऐसे पदाधिकारी जिन्हें किन्ही भी वरीय अधिकारी से डर है और ना ही सरकार से कोई भय।उनका काम करने का तरीका भी अपने मन बुता. बिक होता है।मन जो कहता है वही वे पदाधिक. ारी करते हैं।जी मैं बात कर रहा हूँ चतरा के अवर निबंधन पदाधिकारी बा. लेश्वर पटेल की जिन्होंने मनमानी तरीके से जिले के कई गै़रमजरूवा और फारेस्ट की जमीन को गलत तरीके अपना कर जमीन की रजिस्ट्री कर दी।बताते चलें कि श्री पटेल चतरा के अवर निबंधन कार्यालय में निबंधन पदा. धिकारी के पद पर रहते हुए जिले भर के कई ऐसे ऐसे जमीन की रजिस्ट्री किए जस पर सरकार द्वारा रोक लगाया जा चुका है।इससे स्पष्ट है कि पटेल अपने मन मर्जी से ही नि. बंधन कार्यालय चला रहे है।इतना ही नहीं वन विभाग से डी एफ ओ के नाम से फर्जी एन ओ सी भी बनाकर जंगल के जमीन की रजिस्ट्री किया और जंगल के जमीन की रजिस्ट्री में और एन ओ सी बनवाने में मोटी रकम का भी खेल खेला।

**क्या है मामला –** मामला सदर अंचल के भयपुर जंगल की जमीन की है।भयपुर के खाता नम्बर 18 प्ल०ट नम्बर 173 की रकवा 4 एकड़ 60 डिसमिल जमीन की है।ऊक्त जमीन को गलत तरीके से पहले रामगुलेल सिंह और बेचू सिंह के नाम से बंदोबस्त बताया।उसके बाद ऊक्त जमीन को तिलकधारी सिंह के नाम से रजिस्टर टू में चढ़वाया और फिर वन विभाग के उत्तरी वन प्रमंडल पदाधिकारी के फर्जी हस्ताक्षर से जंगल के जमीन का अन्नपत्ति प्रमाणपत्र भी निर्गत कर ऊक्त जमीन की रजिस्ट्री जमीन विक्रेता से मोटी रकम लेकर क्रेता को लिख दिया।

**वन विभाग खाता 18 की ऊक्त जमीन की रजिस्ट्री नहीं करने का पत्र भी किया था जारी–** वन विभाग भयपुर के खाता 18 प्ल०ट 173 के 4 एकड़ 15 डिसमिल जमीन को खरीद बिक्री नहीं करने से सम्बंधित लेटर भी रजिस्ट्री ऑफिस, सी ओ एवं अन्य कार्यालय को दे चुकी है।बावजूद रजिस्टार बालेश्वर पटेल की दिलेरी कहा जाए कि जिसने एक आई एफ एस के नाम पर फर्जी एन ओ सी के आधार पर जमीन की रजिस्ट्री कर देता है।अर्थात पैसेवकी खेल में पटेल जम कर हिस्सा ले रखे हैं।

**कौन किसको लिखा जमीन,और कौन है विक्रेता–** सदर अंचल के भयपुर के खाता नम्बर 18 के प्ल०ट 173 रकवा लगभग 4 एकड़ 60 डिसमिल जमीन को तिल. कधारी सिंह की पुत्री पिण्डारकों निवासी रुदो देवी,एवं कान्हाचट्टी अंचल के चौनपुर निवासी ब०बी देवी पति मनोज सिंह ने रामबृक्ष यादव को 19 काळा एवं 5 काळा कुल मिला कर 25 काळा लगभग जमीन की रजिस्ट्री किये हैं।मजे की बात तो ये है कि इस खेल में रजिस्ट्रार के साथ एक विकलांग ब्यक्ति एवं रजिस्ट्री आफिस के कुछ कर्मी के मिली भगत से ये कार्य सम्भव हुआ है।

वन विभाग नहीं दिया एन ओ सी और फर्जी तरीके से एन ओ सी बनाकर हो गया जमीन की रजिस्ट्रीरु–सदर अंचल के भयपुर जंगल की खाता संख्या 18 प्ल०ट संख्या 173 रकवा 4 एकड़ 60 डिसमिल जमीन को उतरी वन प्रमंडल पदाधिकारी के फर्जी हस्ताक्षर और दिनांक पत्रांक डलवाकर जमीन की किया गया है रजिस्ट्री।वन विभाग ने अपने कार्यालय से कोई एन ओ सी भी जारी नहीं किया है और ना ही दिनांक पत्रांक दिया है। इधर निबंधन पदाधिकारी बालेश्वर पटेल से बात करने पर पहले ही कहा कि एन ओ सी के आधार पर मैं रजिस्ट्री किया हूँ। सवाल के जवाब देने से कतराते नजर आए। क्या कहते हैं उतरी वन प्रमंडल पदाधिकारी रू– चतरा उतरी वन प्रमंडल के भयपुर जंगल(ऊंटा से कान्हाचट्टी वाली सड़क के किनारे)के खाता संख्या 18 प्ल०ट नम्बर 173 रकवा 4 एकड़ 60 डिसमिल जमीन की खरीद बिक्री पर रोक के लिए अंचल,निबंधन पदाधिकारी एवं अन्य वरीय कार्यालयों में पत्र दे चुके हैं।बावजूद रजिस्ट्री करना दुर्भाग्य की बात हैं।वही सूचना मिली है कि ऊक्त खाते प्ल०ट की जमीन की बिक्री में मेरे कार्यालय के नाम से और मेरे हस्ताक्षर का फर्जी एन ओ सी जारी कर फर्जीवाड़े की गई है।मैं इसके लिए उपायुक्त, आरक्षी अधीक्षक को लेटर दे चुका हूं।और गलत करने वाले भूमाफिया और सरक. ारी मुजालिमो पर एफ आई आर भी दर्ज करा दिया हूँ।वैसे ऊक्त खाते की जमीन जंगल की है जो उस पर अतिक्रमण करेगा उस पर मुकदमा भी दर्ज होगा और जेल भी जाएगा। एन पांड्या उतरी वन प्रमंडल पदाधिकारी, चतरा क्रमशः–कैसे जमीन माफिया जंगल की जमीन को फर्जी कागजात के आधार पर बनाया काग. जात ये कल के अंक में पढ़िए।

## मॉब लिचिंग के विरोध में विष्णुगढ़ प्रखंड मुख्यालय के समक्ष भाजपा का धरना, घटना की सीबीआई जांच व दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ प्रखंड मुख्यालय के समक्ष धरना देते भाजपा कार्यकर्ता

सिमडेगा में दलित युवक संजू प्रधान की भीड़ द्वारा जलाकर मारने की घटना के विरोध में मंगलवार को भा. जपा पश्चिमी मंडल ने प्रखंड मुख्यालय के समक्ष एकदिवसीय धरना दिया। धरना के माध्यम से सरकार को मॉब लिचिंग में शामिल दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की गई। धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मण्डल तथा संचालन मंत्री राजेश सोनी ने किया। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि सरकार तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। दलित युवक को जिंदा जलाए जाने पर सरकार की चुप्पी राज्य सरकार के दोहरे चरित्र को उजागर करती है। राज्य की विधि व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। इस सरकार को जनमानस की समस्याओं से कोई मतलब नहीं है। झारखण्ड की सड़कें, बिजली, पानी सभी बुनियादी सु. विधाएं नदारद हैं। बिजली के कारण कल–कारखानों में ताला लगने की नौबत आ गई है। धरना के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने घटना की सीबीआई जांच की मांग करते हुए मृतक के परिवार की सुरक्षा, सरकारी नौकरी, दस लाख रूपए मुआवजा के अलावा दोषियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई। मौके पर जिला अजामो प्रवक्ता सुरेश राम, महादेव मंडल, उमा देवी, पिंकी देवी, हरि यादव, हिरामन महतो, जीवन सोनी, गुलाब शंकर महतो, कुन्दन शर्मा, नीतीश कुमार बर्णवाल, सुखदेव मंडल, सुरेश राम, टेकलाल राम, हेमलाल साव, मिठू यादव, सुकर महतो, रामधन माली, नंदलाल पासवान, मनोज यादव, द्वारिका साव समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सिमरिया के पिरी जंगल के समीप हाइवा के चकमा से वाहन दुर्घटना में योगा की छात्रा की हुई मौत


### औरंगाबाद के डीहुरि से हजारीबाग जा रही थी छात्रा, विनोबा भावे के योगा डिपार्टमेंट ने ब्यक्त किया शोक



मृतक योग की छात्रा का फाइल फोटो

सिमरिया थाना क्षेत्र के पीरी जंगल में सोमवार की रात सड़क दुर्घटना में एक 24 वर्षीय युवती की मौत हो गई । मृतक युवती की पहचान ग्राम डीहुरी, थाना हसपुरा, जिला औरंगाबाद बिहार के प्रमोद कुमार (शिक्षक)की पुत्री कृति के रूप में हुई।युवती मूल रूप से औरंगाबाद की रहने वाली थी। मृतक युवती बिहार के अपने गांव से किसी कार्य से हजारीबाग जा रही थी इसी क्रम में पीरी जंगल के पास सड़क दुर्घटना में युवती की मौत हो गई है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।सिमरिया पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया है।बताते चलें कि मृतक युवती हजारीबाग विनोबा भावे विश्वविद्यालय के योगा डिपार्टमेंट से डिप्ला. `मा कर रही थी।युवती का शव पोस्टमार्टम के बाद परि. जनों को श०प दिया गया।उसका अंतिम संस्कार गांव के समाशान घाट में किया जाएगा।योगा की छात्रा की मौत पर योगा विभाग के एच ओ डी अरुण भंडारी ने कहे कि कृति एक होनहार छात्रा थी।वही योग शिक्षक ज्ञानोदय सर ने कहे कि महाविद्यालय के किसी छात्र छात्रा एवं शिक्षक को विश्वास ही नही हो रहा था कि कृति की मौत हो गया है।चुकी कृति मिलनसार स्वभाव की छात्रा थी।वहीं योग शिक्षक अभिषेक सर ने कृति की मौत पर शोक ब्यक्त करते हुए कहा कि कृ ति स्वभाव से ही शालीन थी,उसके स्वभाव और मिलनसार स्वभाव से सभी छात्र छात्राएं खुश रहते थे।कृ ति के मौत पर योग क्लास के मृतक के सहपाठी शोक ब्यक्त किये हैं।शोक ब्यक्त करने वालो में मंजू गुप्ता,प्रमोद कुमार सिंह,उत्तम कुमार,हेमंत कुमार, ड०ली केशरी, तारकेश्वर सोनी, नीलेश दाँगी, कैलाश दाँगी,राखी सिन्हा, लालदेव,सोनी,रवि कुमार,सहित सभी छात्र छात्राओं का नाम शामिल है।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## प्रवासी मजदूर की मौत पर मंत्री ने लिया संज्ञान

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**

विष्णुगढ़ के सारूकुदर निवासी प्रवासी मजदूर तुलसी महतो की हैदराबाद में हुई मौत पर खबर प्रक.ाशित होने के बाद झारखंड सरकार के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने संज्ञान लिया है। वहीं, जामा विधायक सीता सोरेन के ट्वीट पर श्रम मंत्री ने रि-ट्वीट कर राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। युवा समाजसेवी डुमरी निवासी सुनील महतो ने प्रवासी मजदूर की मौत को ट्विटर पर साक्षा किया था। इस पर माननीयों ने संज्ञान लिया है। बता दें कि तुलसी महतो परिवार की खराब आर्थिक हालात को देखते हुए कमाने के लिए हैदराबाद गया हुआ था। वहां वह एक आरा मिल में मिस्त्री के काम पर लगा हुआ था। इसी बीच रविवार को कंपनी के लोगों ने मजदूर के घर पर फोन कर उसके मौत की खबर दी। सूचना मिलते ही पूरे परिवार में कोहराम मच गया। फिलहाल, खबर पाकर दो परिजन शव को लाने के लिए हैदराबाद निकल चुके हैं। परिजन शव के लिए इंतजार कर रहे हैं। बताया जाता है कि पोस्टमार्टम के बाद शव को सौंपा जाएगा। प्रबंधन मजदूर की मौत का कारण हार्ट अटैक बता रही है। वहीं, परिजन इसमें संदेह जता रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मामले का खुलासा हो पाएगा।




मंत्री सत्यानंद भोक्ता का ट्वीट

## 13 वें 14 वें 15 वें वित के तहत पंचायतों में खर्च राशि की होगी जांच

### जांच के लिए सक्षम पदाधिकारी और कमिटी गठित

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव में 13 वें 14 वें व 15 वें वित के तहत विभिन्न योजनाओं में खर्च की गई राशि की।जांच करने के लिए हजारीबाग द्वारा अधिसूचना जारी की गई है।उक्त तीनों वित के तहत योजनाओं में खर्च की गई राशि के निकासी के मामले पर जांच कमिटी का गठित कर दी गई है।साथ ही जांच के लिए वाणिज्य कर उपायुक्त हजारीबाग के अध्यक्षता में प्रखण्ड वार सक्षम पदाधिकारी की नियुक्ति भी की गई है। इस संदर्भ में उपायुक्त कार्यालय के जिला पंचायती राज शाखा के ज्ञापांक 14 दिनांक 6 जनवरी 2022 को अधिसूचना जारी की गई है।जारी अधिसूचना में जिले के सभी बीडीओ को परिक्षयमान राज्य कर (सक्षम)पदाधिकारी को जांच में पूर्ण सहयोग करने की बात कही गई है।साथ ही जांच की समय सीमा एक माह निर्धारित की गई है।जांच के लिए परिक्ष्यमान राज्य कर सक्षम पदाधिकारी के रूप में सफीक अहमद एवं अंकित रामपाल नियुक्त किए गए हैं।कौन कौन से योजना है जांच के दायरे में 13 वें 14 वें 15 वें वित वे सभी योजनाएं जिनकी प्रक्लित राशि एक लाख से अधिक है। पंचायत में लाखो रुपए से निर्मित जलमिनार, कूप नाली, पीसीसी सड़क, डोभा तालाब, पशु शेड व मनरेगा से संचालित योजना शामिल हैं।सभी ग्राम पंचायतों में वित्तीय अनियमितता की जांच एक माह के अंदर संपन्न करने हेतु वाणिज्य कर उपायुक्त हजारीबाग की अध्यक्षता में जांच दल गठित करते हुए प्रखंड आवंटित किया गया है। जांच को लेकर पत्र जारी किया गया है पत्र को ही देखते ही क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है।इस संदर्भ में बड़कागांव प्रखण्ड में जांच के लिए प्रतिनियुक्त सक्षम पदाधिकारी अंकित रामपाल ने कहा कि विभागीय चिट्ठी मिली है।वाणिज्य कर उपायुक्त के दिशा निर्देश की प्रतीक्षा है।

## बच्चों ने कैलाश सत्यार्थी का जन्मदिन मनाया, जूम मीटिंग के माध्यम ने सत्यार्थी ने बच्चों को संबोधित किया

**अपेम लाइव**
**गावां / गीरिडीह**
**मुजाहिद अली**



दुनियां भर के बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने हेतू अपना सम्पूर्ण जीवन बच्चों के लिए समर्पित करने वाले नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी का जन्मदिन पूरे देश के बच्चों ने सुरक्षित बचपन दिवस के रूप में मनाया।बचपन बच.ाओ आंदोलन सह कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन के संस्थापक कैलाश सत्यार्थी दुनियां भर के बच्चों के अधिकारों को सु.निश्चित करवाने को लेकर पिछले 42 वर्षो से निरंतर संघर्षरत हैं। वैश्विक महामारी कोविड की गाइडलाइन के अनुरूप गावां प्रखंड अंतर्गत सभी 120 बाल मित्र ग्रामों के बच्चों ने कैलाश सत्यार्थी के जन्मदिन पर सामाजिक वि.संगतियों को रोकने हेतू कई तरह के संदेशपरक पेंटिंग बनाकर उसे साझा भी किया है। कैलाश सत्यार्थी ने जूम मीटिंग के माध्यम से बच्चों को संबो.धित करते हुए उनका उत्साह भी बढ़ाया। डायना अवार्ड विजेता सह राष्ट्रीय बाल पंचायत की उपमुखिया चम्पा कुमारी ने कहा कि हम बाल पंचायत के बच्चे गांव के बच्चों के साथ मिलकर बाल मित्र समाज बनाने की तरफ अग्रसर हैं,कैलाश सत्यार्थी की वजह से लाखों बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लौटी है। बच्चों के हक की लड़ाई लड़ने वाले नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी ने अपना सम्पूर्ण जीवन बच्चों के लिए समर्पित कर दिया,इसलिए देश भर की बाल पंचायत के बच्चों द्वारा 11 जनवरी सुरक्षित बचपन दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। बाल मित्र ग्राम गदर,अमतरो, उपरेली कहुवाई, सेरुआ, सांख, पटना, नगवां, भेलवा, हरिहरपुर, राजपुरा, ढिलुआ, पथलडीहा, घोसी, किशनपुर,गांवां, सीरी, पसनौर, जमडार, हरनी, बल्थरवा, बरमसिया सहित सभी ग्राम पंचायतों के 120 बाल मित्र ग्रामों के हजारों बच्चे एवं कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन के बाल अधिकार कार्यकर्ताओं ने सुरक्षित बचपन दिवस को सादगी एवं कोविड की नियमावली के दायरे में रहकर मनाया और नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी जी को शुभकानाएं भी दी।

## झामुमो कार्यकर्ताओं ने गावां में मनाया दिशोम गुरु शिबू सोरेन का जन्मदिवस

**अपेम लाइव**
**गावां / गीरिडीह**
**मुजाहिद अली**



झामुमो कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को गावां पार्टी कार्यालय में झारखंड के कद्दावर नेता दिशोम गुरु शिबु सोरेन का 78 वां जन्मदिवस धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर झामुमो के प्रखण्ड अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा की गुरुजी का जीवन काफी संघर्षपूर्ण रहा है।उन्होंने शोषकों के खिलाफ आवाज उठाया और झारखंड को एक अलग राज्य बनाने के लिए लंबी लड़ाई लड़े जिसका परिणाम है कि हमें अलग झारखंड राज्य प्राप्त हुआ। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को केक खिलाया और गुरु जी के लंबी उम्र की दुआएं मांगी। मौके पर विनय सिन्हा, सोनू कुमार, मो साहबुद्दीन, मो एजाज अहमद, कैलाश सिंह, शि.वनारायण राउत, मंसूर आलम, अजय शर्मा, जन.नतुल फिरदौस, शहादत मिंया समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**बिरनी में मनाया गया शिबू सोरेन का 78व० जन्मदिन**

झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी कार्यालय,बिरनी मे झारखंड के जनक राज्य के निर्माता दिग्गज नेता झामुमो सुप्रीमो सह राज्य सभा सांसद आदरणीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन का 78 वां केक काटकर पार्टी कार्यकर्ताओं ने मनाया जन्मदिन एस कार्यक्रम में मुख्य रूप से बिरनी प्रखंड अध्यक्ष मजीद अंसारी संतोष कुमार मुमताज अंसारी सीताराम पासवान इम्तियाज अली अकबार अली असगर अंसारी सुनील यादव सजाद अली रामदेव यादव मंजूर अंसारी शेखर सुमन अर्जुन मंडल प्रखंड सचिव कृष्णा मुरारी प्रसाद प्रखंड कोषयध मोहम्मद रिजवी अंसारी राजू अंसारी उपस्थित रहे

## भाजपा के पूर्व सांसद कोडरमा डॉ रविंद्र राय के पिताजी का निधन

**अपेम लाइव :**
**बिरनी/गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड भाजपा से कोडरमा लोकसभा के पूर्व सांसद सह पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ड० रविंद्र कुमार राय के पिताजी मरगोडा पंचायत के भूत पूर्व सरपंच जय नारायण राय जी के अंतिम दर्शन के लिए उनके पैतृक निवास स्थान मरगोड़ा मैं सैकड़ों भाजपा समर्थक और ग्रामीण पहुंच कर शौक सम्वेदना जताऐ और शव यात्रा में शामिल होकर मरगोड़ा स्थित इरगा नदी में मुखाग्नि दी गई! मिली जानकारी के अनुसार वह लंबे समय से बीमार थे जिन का इलाज रांची में किया जा रहा था यह 94 वर्ष के थे इस शव यात्रा में शामिल जहानाबाद पूर्व सांसद अरुण सींह गांडे पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा चतरा पूर्व विधायक जनार्दन पासवान बगोदर विधानसभा पूर्व विधायक नागेंद्र महतो सरिया प्रमुख रामपति वर्मा जिला उपाध्यक्ष कामेश्वर पा.सवान जिला अध्यक्ष महादेव दुबे तुलसी दास सांसद प्रतिनिधि महेंद्र यादव बिरनी मंडल अध्यक्ष राजदेव साव प्रेमचंद प्रसाद कुशवाहा विक्रम तरवे जिला परिषद सदस्य कैलाश यादव मुखिया किसुन साव जी ईश्वर यादव पंचायत समिति सदस्य बासुदेव साव शैलेन्द्र यादव समेत सैकड़ों लोगों ने अश्रु पूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किए !




APEM LIVE